देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 09.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में हल्द्वानी में जिला विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में पर्यटन और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।
- उत्तराखंड जल संस्थान ने सीवर में गंदगी डालने वाले होटलों और अस्पतालों को नोटिस जारी किए।
- कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में 31 जनवरी से दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग महोत्सव का होगा आयोजन
- प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना।

कुमाऊं आयुक्त बैठक

कुमाऊं आयुक्त और नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत की अध्यक्षता में नैनीताल जिल के हल्द्वानी में प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति दी गई। साथ ही विभिन्न आवासीय परियोजनाओं के मानचित्रों की समीक्षा की गई और नियमों के अनुरूप प्रस्तुत मानचित्रों को मंजूरी दी गई। बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र में सुनियोजित विकास पर विशेष बल दिया गया। श्री रावत ने बताया कि हाल ही में प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल हुए इलाकों में पिछले छह महीनों से निर्माणाधीन भवनों के नक्शों को बिना जुर्माने के स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होटल, रेस्टोरेंट और जिप लाइन जैसे प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर अनुमति दी गई, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।

जल संस्थान नोटिस

उत्तराखंड जल संस्थान ने सीवर लाइन के बार–बार चोक होने की समस्या को देखते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू की है। संस्थान ने उन होटलों, अस्पतालों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए हैं, जो अपने संस्थान की गंदगी सीधे सीवर लाइन में डाल रहे हैं। इस वजह से सीवर लाइन बार–बार ब्लॉक हो रही है, जिससे बड़ी आबादी को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डी.के. सिंह ने बताया कि संस्थान ने ऐसे सभी प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे ऐसा करना तुरंत बंद करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी चमोली

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने सीमांत क्षेत्र तमक नाले के समीप स्थित शीतकालीन प्रवास वाले अंतिम गांव लौंग का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने तमक नाले पर सुरक्षा दीवार निर्माण, गांव से बस सेवा शुरू किये जाने, तमक नाले के पास जमा हो रहे पानी से बन रही झील के जल निकासी की व्यवस्था और गांव तक राशन आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने की मांग प्रमुखता से रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि अभी उन्हें परिवहन और राशन के लिए लगभग बारह किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की सभी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गम और सीमांत गांवों के निवासियों की समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बर्ड वॉचिंग महोत्सव

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार स्थित सनेह क्षेत्र में 31 जनवरी से दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र में पायी जाने वाली विविध पक्षी प्रजातियों की पहचान कराना तथा आमजन को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करना है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि महोत्सव में बर्ड–वॉक, प्रकृति भ्रमण, पक्षी पहचान व संरक्षण पर आधारित गतिविधियाँ, बर्ड फोटोग्राफी प्रदर्शनी और स्कूली बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन के माध्यम से बर्ड–वॉचिंग पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही सनेह क्षेत्र की जैव विविधता को व्यापक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

मौसम

प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके साथ ही मैदानी जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ सी.एस. तोमर ने बताया कि 14 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में घना कोहरा देखने को मिलेगा। इसके साथ ही देहरादून, नैनीताल, पौड़ी और चंपावत जिले में भी घने कोहरे की संभावना है। राज्य के पहाड़ी जिलों में पाला पड़ने के भी आसार है।

आरक्षी प्रतिनियुक्ति

उत्तराखण्ड पुलिस के आरक्षी किशन सिंह का चयन विदेश मंत्रालय में सुरक्षा सहायक के पद प्रतिनियुक्त पर हुआ है। आरक्षी किशन इस समय नैनीताल जिले में नियुक्त हैं। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने आरक्षी किशन सिंह को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह चयन उत्तराखण्ड पुलिस के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि आरक्षी किशन सिंह अपने नवीन दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण के साथ करते हुए केंद्र सरकार और उत्तराखण्ड पुलिस की गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षण शिविर

उद्यान विभाग की भेषज विकास इकाई एवं भेषज संघ की ओर से हरिद्वार जिले में बहादराबाद विकासखण्ड के सजनपुर पीली और बहार पीली श्यामपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर किसानों को जड़ी बूटियों की खेती करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला भेषज समन्वयक राजीव कुमार ने बताया कि जड़ी बूटी प्रजातियों– चन्दन, आंवला अश्वगंधा आदि के कृषीकरण वृक्षारोपण से संबंधित किसानों को खेती की जानकारी देकर आर्थिकी में वृद्धि, विपणन आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किसानों को इस प्रकार की खेती करने से उनकी जीवन शैली में भी अच्छा सुधार आएगा।